| Methodist HEALTH SYSTEM | FIN 025 |
|---|---|
| | MHS |

**शीर्षक: बिलिंग और कलेक्शन पॉलिसी**

| तैयार की गई तिथि: 1/15/13 | पिछली समीक्षा तिथि: 03/21/2024 | अंतिम संशोधन तिथि: 01/24/2025 | प्रभावी तिथि: 01/24/2025 |
|---|---|---|---|

| विभाग द्वारा पॉलिसी तैयार करना: वित्त | पेज 5 का 1 |
|---|---|

**पॉलिसी:**

स्टैंडर्ड बिलिंग और कलेक्शन प्रथाएं लागू कर सभी रोगियों के वित्तीय दायित्व पूरे करने की सहायता में मेथोडिस्ट हेल्थ सिस्टम (MHS) प्रतिबद्ध है। रोगियों और उनके उपयुक्त भुगतानकर्ताओं को यथासमय और सही बिल देकर सभी बकाया अकाउंटों में कार्रवाई नियंत्रित करने वाले लोकल, राज्य और संघीय कानूनों के अनुरूप MHS सम्मानजनक व्यावसायिक ढंग से गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सर्विस और समय पर फॉलो-अप करेगा।

**कार्यप्रणाली:**

1. जब तक रोगी नीचे बताए अनुसार वित्तीय सहायता या अन्य प्रोग्रामों का पात्र न हो, MHS गैर-बीमाकृत या कम बीमाकृत रोगियों को बिल प्रभारों के भुगतान का अनुरोध करेगा।

   सर्विस देते समय रोगी के सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (42 U.S.C. 1395dd) की धारा 1867 में परिभाषित इमर्जेंसी चिकित्सा उपचार और श्रम अधिनियम (EMTALA) की अपेक्षाएं पूरी करते हुए भुगतान की क्षमता और अन्य फंडिंग स्रोतों की पात्रता ध्यान में रखी जा सकती है। मेडिकेयर से भुगतान स्वीकारने वाले अस्पताल को इसके निर्धारण के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग चाहिए कि इमर्जेंसी विभाग में आने वाले रोगी को इमर्जेंसी चिकित्सा की जरूरत है या नहीं और ऐसा होने पर स्थिति ठीक करने के लिए इस अधिनियम में अस्पताल अपनी क्षमताओं में उपचार करेगा। रोगी की नागरिकता, उसकी संयुक्त राज्य अमेरिका में कानूनी स्थिति या सर्विसेस के लिए भुगतान की क्षमता देखे बिना EMTALA के अंतर्गत आवश्यक स्क्रीनिंग और उपचार किया जाना है। EMTALA पूरा होने पर, MHS सामान्य बिलिंग और कलेक्शन प्रणाली फॉलो करेगा (EMTALA की अन्य विशिष्ट अपेक्षाओं के लिए *MHS Policy _PC 033-_Emergency Medical Treatment and Labor Evaluation*_देखें)

2. असाधारण कलेक्शन कार्यों (ECA) में MHS व्यस्त नहीं होता। इसके निर्धारण का जिम्मा केंद्रीय बिलिंग कार्यालय का है कि जो ECA न हों, नियमित कलेक्शन प्रोसेस शुरू करने के लिए क्या MHS ने उचित प्रयास किए हैं कि व्यक्ति वित्तीय सहायता का पात्र है। रोगी से बकाया कलेक्ट करने के लिए वित्तीय सहायता या अन्य फंडिंग स्रोतों की पहचान नहीं की जाती।

3. सभी गैर-बीमाकृत रोगियों को अन्य फंडिंग स्रोतों (यानी बीमा, थर्ड पार्टी देयता, वर्तमान सरकारी प्रोग्राम) के लिए MHS फ्री स्क्रीनिंग उपलब्ध करवाता है जैसे: मेडिकेड, अपराध पीड़ित, काउंटी निर्धन, विकलांगता, MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी तथा भुगतान करने की क्षमता।

4. जिन रोगियों का फंडिंग का अन्य स्रोत न हो तथा जो वित्तीय सहायता के लिए पात्र न हों, वे कुल प्रभारों पर लागू गैर-बीमाकृत छूट के पात्र होंगे (लागू विशिष्ट छूटों के लिए *MHS Policy Fin008*-गैर-बीमाकृत छूट देखें)। रोगी को अकाउंट बिल देते समय गैर-बीमाकृत छूट लागू की जाती है। इसके अलावा, गैर-बीमाकृत छूट लागू होने पर रोगी बैलेंस पर भुगतान प्लान की व्यवस्था कर सकता है। MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी में परिभाषित गैर-बीमाकृत छूट फ्लैट दर सर्विसेस से बाहर रखी गई है।

5. उपलब्ध प्लान में फायदे पूरे होने या उनकी बीमा प्लान में सर्विसेस कवर न होने पर तो प्रभारों के एक हिस्से पर अंडरइंश्योर्ड रोगी गैर-बीमाकृत छूट या भुगतान प्लान के पात्र होंगे।

6. रोगी के वित्तीय सहायता का पात्र होने पर, MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी में पात्र राशि की बिलिंग और कलेक्शन कार्रवाई नहीं होगी। बहरहाल, वित्तीय सहायता की पात्रता में न आने वाले हिस्से पर, नीचे बताई बिलिंग और कलेक्शन कार्रवाई होगी।

**मध्यस्थता**

1. रोगी और/या जिम्मेदार पक्ष का अकाउंट बैलेंस पर विवाद कर बिल दस्तावेजों का अनुरोध करने पर, CBO (यदि संभव हो)10 दिन में अनुरोधित दस्तावेज़ लिखित रूप में देने के उचित कदम उठाकर अकाउंट में कलेक्शन की अतिरिक्त कार्रवाई से पहले कम से कम 30 दिन के लिए अकाउंट होल्ड करेगा।
2. रोगी के चयनित अकाउंटों में $1,000 या अधिक बकाया होने पर, MHS रोगी को बाध्यकारी मध्यस्थता ऑफर कर सकता है। अकाउंट को कलेक्शन के लिए भेजने से पहले रोगी को उत्तर का समय मिले, इसलिए ऐसे अकाउंट कम से कम 30 दिन रोके जाएंगे। कलेक्शन कार्रवाई के लिए MHS, ECA में शामिल नहीं होगा। रोगी के मध्यस्थता स्वीकारने पर, मध्यस्थता के समाधान तक अकाउंट रोका जाएगा।

**अनुमानित और पूर्व पात्रता प्रोसेस**

1. रोगी के MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी में उल्लिखित अनुमानित पात्रता प्रोसेस में वित्तीय सहायता का पात्र होने या पात्रता निर्धारण में रोगी के पात्र होने पर, MHS उपलब्ध वित्तीय सहायता निर्धारण के उचित प्रयास करेगा। अन्यथा, उचित प्रयासों के लिए नीचे बताई अधिसूचना प्रोसेस फॉलो की जाएगी।

2. इस पॉलिसी के पात्रता निर्धारण में, रोगी का सबसे उदार सहायता (आर्थिक तौर पर निर्धन) का पात्र न होने पर, एजेंसी को कलेक्शन के लिए भेजने से पूर्व, वित्तीय रूप से निर्धन के रूप में अर्हता के तरीकों की जानकारी देकर रोगी को आवेदन का उचित समय दिया जाएगा।

**रोगी अधिसूचना प्रोसेस**

1. सर्विसेस के लिए रोगी के आने पर, रजिस्ट्रेशन टीम रोगी को आइटमवार इलेक्ट्रॉनिक विवरण देगी। रोगी के इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी से ऑप्ट आऊट करने पर, आइटमवार विवरण मेल से भेजा जाएगा। अकाउंट में रोगी का बैलेंस निश्चित होने पर, रोगी को MHS इलेक्ट्रॉनिक तरीके या मेल से आइटमवार विवरण भेजेगा। छुट्टी के चौथे दिन गैर-बीमाकृत रोगियों को, मदवार विवरण दिया जाता है और बीमित रोगियों को बीमा भुगतान प्राप्त होने के 30वें दिन से पहले मदवार विवरण नहीं दिया जाता। मदवार विवरण भेजने के बाद, MHS आरंभिक पोस्ट-डिस्चार्ज विवरण और 120 दिन में कम से कम एक अतिरिक्त विवरण भेजेगा। प्रत्येक पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग विवरण में रोगी को सूचित किया जाएगा कि पात्र व्यक्तियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध है।

2. MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी सूचित करने वाला आसान भाषा सारांश रोगी को अंतिम पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग विवरण में दिया जाता है। कलेक्शन एजेंसी को अकाउंट सौंपने की सूचना भी रोगी के इस विवरण में होगी। कलेक्शन कार्रवाई के लिए MHS, ECA में शामिल नहीं होगा। MHS द्वारा अप्राप्य ऋण कलेक्शन कार्रवाई शुरू करने से कम से कम 30 दिन पूर्व रोगी को अंतिम पोस्ट-डिस्चार्ज विवरण दिया जाएगा।

3. MHS द्वारा रोगी केयर के अनेक बकाया बिल मर्ज करने पर, रोगी केयर प्रकरण का पहला पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग विवरण नवीनतम परिभाषित होगा।

4. पूर्ण भुगतान के लिए MHS रोगियों को फ़ोन कर सकता है। कॉल करने पर रोगी को हर बार MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी और आवेदन के तरीके की जानकारी दी जा सकती है। पूर्ण भुगतान संभव न होने और रोगी के वित्तीय सहायता का पात्र न होने पर, भुगतान प्लान ऑफर कर सकते हैं। अप्राप्य ऋण वसूली

से कम से कम 30 दिन पूर्व, MHS व्यक्ति को MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी और आवेदन प्रोसेस में सहायता विधि की मौखिक सूचना देने का उचित प्रयास करेगा।

5. ऋण के क्रेता के साथ कानूनी तौर पर बाध्यकारी लिखित समझौता होने और ये तीन 501(r) तत्व पूरे होने पर, MHS ऋण बिक्री पर हस्ताक्षर कर सकता है:
    a. ऋण भुगतान पाने हेतु क्रेता को किसी भी ECA में शामिल न होने के लिए सहमत होना होगा।
    b. ऋण पर ब्याज न लेने के लिए क्रेता सहमत होना चाहिए।
    c. MHS या क्रेता द्वारा निर्धारित करने पर कि व्यक्ति वित्तीय सहायता का पात्र है, ऋण MHS को लौटाया या वापस लिया जा सकता है।
    d. FAP द्वारा व्यक्ति को पात्र मानने पर यदि अस्पताल फैसिलिटी ऋण नहीं लौटाती या वापस नहीं करती, तो क्रेता को समझौते में निर्दिष्ट प्रणाली पालन करनी होगी। समझौते में सुनिश्चित होना चाहिए कि व्यक्ति के ऋण क्रेता और अस्पताल फैसिलिटी को भुगतान करने का कोई दायित्व नहीं है, जितना वह FAP-पात्र व्यक्ति के रूप में भुगतान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है।

6. थर्ड पार्टी की आय या थर्ड पार्टी द्वारा किए भुगतान के ऐसे मामलों में जहां दुर्घटना के कारण दी गई सर्विसेस में थर्ड पार्टी उत्तरदायी हो सकती है, कवरेज के खिलाफ MHS "ग्रहणाधिकार" दायर कर सकता है। रोगी या उनकी संपत्ति के खिलाफ MHS सीधे ग्रहणाधिकार दायर नहीं करेगा।

7. जहां रोगी किसी मामले में अधूरा वित्तीय सहायता आवेदन प्रस्तुत करता है, MHS वित्तीय सहायता आवेदन पूरा करने का तरीका व्यक्ति को सूचित करेगा। प्रथम पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग स्टेटमेंट के शुरूआती 240 दिनों में व्यक्ति द्वारा अधूरा वित्तीय सहायता आवेदन करने पर, MHS मौजूदा कलेक्शन कार्रवाई सस्पेंड कर रोगी को लिखित नोटिस देगा जिसमें उचित MHS संपर्क जानकारी सहित वित्तीय सहायता आवेदन को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी अतिरिक्त जानकारी और/या दस्तावेज़ों का उल्लेख होगा।

8. प्रथम पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग स्टेटमेंट से 240 दिनों तक MHS बिलिंग और कलेक्शन प्रयासों में पूर्ण वित्तीय सहायता आवेदन स्वीकारेगा, प्रोसेस करेगा और वित्तीय सहायता के लिए व्यक्तियों को उपयुक्तता का पात्र बनाएगा।

9. प्रथम पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग स्टेटमेंट के शुरूआती 240 दिनों में प्राप्त पूर्ण वित्तीय सहायता आवेदन से कलेक्शन कार्रवाई सस्पेंड कर MHS तय करेगा कि रोगी वित्तीय सहायता का पात्र है या नहीं। पात्रता निर्धारित होने पर MHS निर्धारण और निर्धारण करने के कारण की रोगी को लिखित सूचना देगा। आवेदन स्वीकृति से पूर्व किया गया कोई भी भुगतान नहीं लौटाया जाएगा।

10. बकाया राशि के 100% से कम सहायता का पात्र होने पर, MHS रोगी को वित्तीय सहायता एडजस्टमेंट के बाद व्यक्ति द्वारा देय राशि का बिलिंग विवरण देगा। रोगी को वित्तीय सहायता प्रोसेस या लागू एडजस्टमेंट की जानकारी कैसे मिलेगी उसका उल्लेख इस विवरण में होगा।

11. वित्तीय सहायता की पात्रता निर्धारित होने पर, केयर के भुगतान के लिए MHS व्यक्ति के खिलाफ कलेक्शन कार्रवाई रोकने के उपलब्ध उचित उपाय करेगा।

12. केंद्रीय बिलिंग कार्यालय के उपाध्यक्ष या राजस्व चक्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुमोदित रोगी अकाउंट के MHS निदेशक या रोगी एक्सेस के निदेशक के वित्तीय सहायता वर्गीकरण की अनुशंसा कर सकते हैं।

13. MHS वेबसाइट: https://www.methodisthealthsystem.org/patients-visitors/financial-assistance/ से डाऊनलोड या 4040 नॉर्थ सेंट्रल एक्सप्रेसवे, डलास, TX 75204 पर व्यक्तिगत रूप से या 214-947-6300 या टोल फ्री 866-364-9344 पर कॉल कर बिलिंग और कलेक्शन पॉलिसी की लिखित प्रति सहित MHS वित्तीय सहायता पॉलिसी, सारांश FAP और FAP का आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

14. d/b/a मेथोडिस्ट सेलिना मेडिकल सेंटर (MCEL), d/b/a मेथोडिस्ट चार्लटन मेडिकल सेंटर (MCMC), d/b/a मेथोडिस्ट डलास मेडिकल सेंटर (MDMC), d/b/a मेथोडिस्ट मैन्सफील्ड मेडिकल सेंटर (MMMC), d/b/a मेथोडिस्ट मिडलोथियन मेडिकल सेंटर (MLMC), d/b/a मेथोडिस्ट रिचर्डसन मेडिकल सेंटर (MRMC), और d/b/a मेथोडिस्ट साउथलेक मेडिकल सेंटर (MSMC) के लिए मेथोडिस्ट हॉस्पिटल्स ऑफ़ डलास d/b/a मेथोडिस्ट हेल्थ सिस्टम (MHS) बिलिंग और कलेक्शन पॉलिसी और प्रोसेस अपनाता है।

**परिभाषाएँ:**

असाधारण कलेक्शन कार्रवाईयों (ECA) में ये शामिल हैं:

1. किसी व्यक्ति के ऋण की बिक्री, जहाँ ऋण की बिक्री के लिए 501(r) दिशा-निर्देश पूरे न होते हों (जब ऋण बिक्री को ऋण बिक्री न माना गया हो, विवरण के लिए ऊपर आइटम #5 देखें)।

2. किसी व्यक्ति के संबंध में उपभोक्ता क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों या क्रेडिट ब्यूरो को सूचित करना

3. वर्तमान या पिछले बिलों का भुगतान न करने के कारण चिकित्सकीय इमर्जेंसी केयर स्थगित या अस्वीकार करना

4. व्यक्तिगत संपत्ति पर ग्रहणाधिकार, अचल संपत्ति पर फौजदारी, बैंक अकाउंट या व्यक्तिगत संपत्ति की जब्ती, सिविल कोर्ट की कार्रवाई, गिरफ्तारी या जब्ती जैसी कार्रवाइयां जिनमें कानूनी या न्यायिक प्रोसेस अपेक्षित हो।

इसमें व्यक्तिगत चोट की स्वास्थ्य केयर सर्विसेस पाने वाले व्यक्ति को दिए जाने वाले निपटान के निर्णय या समझौते की आय पर लगे ग्रहणाधिकार नहीं हैं।

**संबंधित डॉक्यूमेंट**

MHS पॉलिसी Fin008-गैर-बीमाकृत लोगों को छूट

MHS पॉलिसी Fin006- वित्तीय सहायता पॉलिसी

MHS पॉलिसी PC033- इमर्जेंसी चिकित्सा उपचार और श्रम मूल्यांकन

इस पॉलिसी के लिए कॉर्पोरेट वित्त कार्यालय जिम्मेदार है। इस ज्ञापन संबंधी प्रश्न या सुधार के सुझाव MHS कार्यकारी उपाध्यक्ष/ मुख्य वित्तीय अधिकारी को निर्देशित होने चाहिए।